तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 18 फरवरी 2025



10 दिन में गर्मी और रात में सर्दी आमजन को कर रही बीमार





10 चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के निर्देश




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से पैदल जा रहे किसान की मौत

**जींद।** भौंगरा बस अड्डे के निकट तेज रफ्तार कार की टक्कर से पैदल घर जा रहे किसान की मौत हो गई। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। भौंगरा निवासी बलजीत (62) बीती देर शाम खेत में पानी देकर पैदल घर वापस लौट रहा था। तेज रफ्तार कार ने बलजीत को टक्कर मार दी।

### सेल्समैन से मारपीट कर की लूट का प्रयास, केस

**कैथल।** चीका पुलिस ने अरनौली के किसान फ्यूल स्टेशन पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के साथ मारपीट करते तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कलसा के मनजीत सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह अरनौली के किसान फ्यूल स्टेशन पेट्रोल पंप पर बतौर सेल्समैन कार्यरत है।

### शादी से लौटे रहे लोगों पर किया हमला, केस

**जींद।** राजेंद्र नगर में शादी से घर लौटे व्यक्ति पर हमला कर घायल करने पर शहर थाना पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजेंद्र नगर निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शादी में गया हुआ था। जब देर रात को वह घर वापस लौटा तो विनोद व कुछ युवक उसके मकान के बाहर खड़े थे।

### बाइक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**कैथल।** थेह नेवल में बाइक की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। गांव थेहनेवल के बलजिंदर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को जब भाई राजेंद्र के साथ गांव से गुजर रहा था तो चेलाराम ने अपनी बाइक को लापरवाही से चलते उसके भाई राजेंद्र को टक्कर मार दी।

### घर में घुसकर किया हमला तीन घायल, सात नामजद

**जींद।** गांव निडानी में रजिशन घर में घुस हमला कर तीन लोगों को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने सात लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निडानी निवासी रोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार होकर शहर से घर लौट रहा था।

### गांव खरौदी में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव खरौदी में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव खरौदी के कश्मीरा ने गुहला पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 फरवरी को गांव के काका, ज्ञाना, वकील, विकी, अंकुश, मनप्रीत, रिशु, कालू, बिट्टू, काकू, अभी, मोहित, साहिल, रनजीत, फौजी, पोला, चौजी, जमला, सुखदेव, अमरिक, सुरजन अन्य व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

### यौन शोषण के मामले में एक युवती गिरफ्तार

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने सदर थाना इलाका गांव की युवती की अशील वीडियो बना यौन शोषण करने, विरोध करने पर मारपीट करने तथा सहयोग करने के मामले मे एक युवती को भी गिरफतार किया है। पुलिस आरोपिता से पूछताछ कर रही है।

### किशोरी को शादी का झांसा दे बहला फुसला कर भगाया

**कैथल।** गांव कौल से एक किशोरी को शादी के झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में ढांड पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ढांड पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव के एक व्यक्ति ने शिकायत में आरोप लगाया है कि सावन नामक युवक 15 फरवरी को गांव कौल से उसकी 15 वर्षीय बेटी को शादी के झांसा देकर बहलाकर भगा ले गया।

## पंचायत मंत्री ने पूंडरी में भाजपा प्रत्याशियों का भरवाया नामांकन


# अंतिम दिन कैथल की तीन नपा में प्रधान पद के लिए 16 और पार्षद पद के लिए 141 उम्मीदवारों ने किया नामांकन दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन जिला में नगर पालिका कलायत, पूंडरी व सीवन में प्रधान पद के लिए 16 उम्मीदवारों व पार्षद के लिए 141 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र जमा करवाए। नगर पालिका कलायत में सोमवार को नगर पालिका में प्रधान पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए, जिनमें जसविंद्र राना, दीपक, अंकित राणा, रोबिन, प्रवीण कुमार, बलजीत सिंह, महीपाल व जसविंद्र कुमार शामिल हैं। पार्षद पद के लिए 29 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया, जिनमें वार्ड एक से प्रियंका, वार्ड नंबर दो से रविंद्र तथा जसबीर सिंह, वार्ड नंबर तीन से ऊषा रानी, सोनिया व सुनीता देवी, वार्ड नंबर चार से निशा देवी, सुनीता, रीटा रानी, रीचा देवी, वार्ड नंबर पांच टीना कुमारी तथा निशा रानी, वार्ड नंबर छह से प्रदीप कुमार, वार्ड नंबर सात से अरूण, वार्ड नंबर नौ अंकुश व कपिल देव, वार्ड नंबर 11 से रविंद्र, रेखा, रोहताश व गौरव बेदी, वार्ड नंबर 12 से कोमल व नवीन कुमार, वार्ड नंबर 13 से सुरत सिंह, रविंद्र कुमार, भान पती, वार्ड नंबर 15 से बाबित रानी व कविता, वार्ड नंबर 16 से नीलम देवी व निशा शामिल रही।

नगर पालिका पूंडरी में सोमवार को नगर पालिका प्रधान पद के लिए एक उम्मीदवार तथा पार्षद पद के लिए 39 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। नगर पालिका प्रधान पद के लिए ममता उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं पार्षद पद के लिए वार्ड नंबर एक से कृष्ण गोयल व साहिल गर्ग, वार्ड नंबर दो से तरणजीत कौर, कर्णजीत कौर व विद्यावती, वार्ड नंबर तीन से रिंकू व राम प्रसाद, वार्ड नंबर चार से जितेंद्र कुमार व सीमा, वार्ड नंबर पांच से मुल्तान सिंह, दयानंद, गायत्री देवी व रामपाल, वार्ड नंबर छह से रितु, वार्ड नंबर सात से ममता देवी व अमित, वार्ड नंबर आठ से ममता रानी, सुनीता, भाग सिंह, विक्की, राजेश कुमार, वार्ड नंबर नौ से सरिता कत्याल व पूजा शर्मा, वार्ड नंबर 10 से नसीब, वार्ड नंबर 11 से पूजा देवी व संगीता रानी, वार्ड नंबर 12 से पिंकी रानी, आशीष व गुरदीप, वार्ड नंबर 13 से कुसुम देवी, विशाल, ज्योति व सागर कुमार, वार्ड नंबर 14 से गीता रानी व सीमा देवी, वार्ड नंबर 15 से रेनू देवी व मीनू रानी, वार्ड नंबर 16 से सोनू व दीपक ने अपना नामांकन दाखिल किया। सीवन नगर पालिका में प्रधान पद के लिए सात उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल करवाए, जिनमें संयम गोयल, भावना शर्मा, हेमलता, संतोष कुमारी, शैली मुंजाल, दया रानी, पूजा सैनी शामिल रहे।

## अब शहर के विकास में भी ट्रिपल इंजन की सरकार विकास करवाएगीः कृष्ण लाल पंवार



पूंडरी नपा भाजपा प्रत्याशी का नामांकन पत्र सौंपते मंत्री कृष्ण पंवार व विधायक सतपाल जांबा।

### शहर को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना प्राथमिकताः जांबा

**पूंडरी।** नपा चुनाव में नामांकन भरने के अंतिम दिन भाजपा के सभी 16 वार्डों और चेयरपर्सन पद के प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया। पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार और हल्का विधायक सतपाल जांबा के नेतृत्व में सभी प्रत्याशी पालिका कार्यालय पहुंचे और चुनाव अधिकारी अंशुल अरोड़ा को अपने-अपने नामांकन सौंपे। सबसे पहले मंत्री कृष्ण पंवार और विधायक सतपाल जांबा के साथ भाजपा की चेयरपर्सन प्रत्याशी ममता सैनी ने नामांकन पत्र भरा। इसके बाद सभी वार्ड प्रत्याशियों ने भी औपचारिक रूप से अपनी उम्मीदवारी प्रस्तुत की। इस अवसर पर पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि जनता का विश्वास भाजपा की नीतियों पर है और अब शहर में भी ट्रिपल इंजन सरकार (केंद्र, राज्य और नगर पालिका) मिलकर तेज गति से विकास कार्य करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी मेहनत के साथ चुनाव में जुटने का आह्वान किया और विश्वास जताया कि पार्टी सभी वार्डों में जीत दर्ज करेगी विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि जनता ने जिस तरह विधानसभा चुनाव में समर्थन दिया, उसी तरह इस बार भी पार्टी प्रत्याशियों को आशीर्वाद मिलेगा। उन्होंने शहर को साफ, स्वच्छ और नशा मुक्त बनाने का संकल्प दोहराया और कहा कि भाजपा पार्षदों के चुने जाने के बाद यह कार्य और प्रभावी तरीके से किया जाएगा। पार्षदों की सक्रिय भागीदारी से हर वार्ड में सुधार जनता के सहयोग से शहर को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ना प्रमुखता रहेगी। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुभाष हजवाना, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र पांचाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी, मंडल अध्यक्ष मनोज राणा, हिशम सिंह साकरा, जोनी मैहला, हर्ष सेठी, निधि मोहन, कृष्ण गोयल, रिंकू सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### खर्च समिति का किया गठन

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि नगर पालिका सीवन, पूंडरी व कलायत के चुनाव हेतू खर्च समिति का गठन किया गया है। नगर पालिका सीवन के लिए डीईओ कार्यालय से एसओ नरेश कुमार व यूएचबीवीएन गुहला कार्यालय से लेखाकार विशाल मित्तल, कलायत नगर पालिका के लिए जन स्वास्थ्य विभाग से एसओ सुभाष चंद व परिवहन विभाग से लेखाकार शिवदत्त शर्मा, पूंडरी नगर पालिका के लिए काडा विभाग से एसओ राम निवास जैन व हैफेड कार्यालय से सीनियर लेखाकर मनमीत सिंह को नियुक्त किया गया है।

### नामांकन पत्रों की जांच आज

पूंडरी नपा में रिटर्निंग अधिकारी अजय सिंह, कलायत में रिटर्निंग अधिकारी कृष्ण कुमार व सीवन में रिटर्निंग अधिकारी कैप्टन प्रमेश सिंह ने नामांकन पत्र लिए। उन्होंने बताया कि 18 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, 19 फरवरी को 11 बजे से लेकर तीन बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। दो मार्च को सुबह 8 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा और 12 मार्च को मतगणना की जाएगी।

## जुलाना : 14 वार्डों में 15 प्रधान और 47 पार्षद पद के उम्मीदवार चुनावी मैदान में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे की नगरपालिका चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया के अंतिम दिन 10 प्रधान और 27 पार्षद पर के उम्मीदवारों ने नामांकन किया। नगरपालिका में प्रधान पद के लिए अब तक 15 आवेदन तो पार्षद के लिए अब तक 47 नामांकन दाखिल किए गए हैं। प्रधान पद के लिए आनंद लाठर, सुनील कुमार, कौशल कुमार, तरूण गर्ग, शमशेर सिंह, मोहिंद्र सिंह, संजय कुमार, दिनेश कुमार, सत्यवान, अमरजीत सिंह, ठंडीराम, जोगेंद्र, प्रीति, जयभगवान और वकील ने आवेदन किया है। वार्ड 1 से मनदीप, सोनिया और रामनिवासी वार्ड 2 से राजपाल और प्रवीन कुमार और कविता, वार्ड 3 से खुशीराम जितेंद्र लाठर और चरणदास, वार्ड 4 से मोनू, अमन और सुमिता, वार्ड 5 से मंजू, रीतू, पूजा कुमारी व सुजाता, वार्ड 6 से पवन कुमार, संदीप और ओमप्रकाश, वार्ड 7 से राजेश, प्रदीप, रामनिवास, विजय कुमार, वार्ड 8 से संदीप, रिषिकुमार व नवीन, वार्ड 9 से राहुल, अजीत, अजय कुमार व सुभाष पांचाल, वार्ड 10 से रामभतेरी, मीना, पूजा रानी व काजल, वार्ड 11 से ममता सीमा व सोनम, वार्ड 12 से भारत, सुमित व राकेश, वार्ड 13 से रजनी देवी, ज्योति, रोशनी और मौसमी, वार्ड 14 से मंजू, सुमित्रा देवी व सुमित्रा देवी ने अब तक नामांकन किया है।



जुलाना। हंगामा कर रहे लोगों को आस्वासन देते मंडी चौकी इंचार्ज। फोटो :हरिभूमि

### समयावधि पूरी होने पर बचे उम्मीदवारों ने किया हंगामा

नामांकन के आखिरी दिन तीन बजे तक नामांकन किए जाने थे लेकिन कुछ उम्मीदवार समय पूरा होने के बाद बच गए। तीन बजे के बाद गेट को बंद कर दिया गया तो बचे हुए उम्मीदवारों ने तहसील कार्यालय के बाहर जमकर हंगामा किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोष प्रकट किया। सूचना पाकर जुलाना मंडी चौंकी इंचार्ज मोनिका पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंची और हंगामा कर रहे लोगों को तहसील से बाहर निकाला। वार्ड 12 निवासी संजय, वार्ड 7 निवासी चरणदास सिंगला, वार्ड तीन निवासी बिमला और वार्ड 1 निवासी संदीप नामांकन से वंचित रह गए। मंडी चौंकी इंचार्ज ने हंगामा कर रहे लोगों को विडियो रिकार्डिंग दिखाई। इसके बाद लोग शांत हुए।

### आज जांच, कल मिलेंगे चुनाव चिन्ह

जुलाना नगरपालिका के चुनाव के लिए प्रधान और पार्षद पद के लिए साढ़े 11 बजे से फार्म की जांच की जाएगी। 19 फरवरी को 11 बजे से तीन बजे तक फार्म वापस लिए जा सकेंगे। तीन बजे के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे।

### नरवाना के जयभगवान की बेटी कोमल सैनी को पानीपत से भाजपा ने मेयर की टिकट दी



**नरवाना।** नरवाना के जयभगवान सैनी की बेटी कोमल सैनी को पानीपत से भाजपा ने मेयर की टिकट दी है। इसको लेकर नरवाना में सैनी समाज व परिवार में खुशी का माहौल है। जिसको लेकर समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री नायब सैनीए प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौलीए कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी और संगठन का धन्यवाद किया है। इसी कड़ी में सोमवार को सैनी समाज के सदस्यों ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को उनके निवास स्थान पर गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और आभार व्यक्त किया है। इस मौके पर पूर्व जेई जय भगवान सैनी ने कहा कि भाजपा एक साधारण कार्यकर्ता को भी बड़ी जिम्मेदारी देती है। उनकी बेटी कोमल सैनी इस जिम्मेदारी को बड़ी निष्ठा से निभाएगा। इस मौके पर ओमप्रकाश सरपंच रेवरए सतबीर सैनी पूर्व सरपंचए जय भगवान सैनी पूर्व जेईए सैनी सभा धर्मार्थ नरवाना प्रधान व पूर्व पार्षद कर्मवीर सैनीए सतप्रकाश सैनीए पूर्व प्रधान धर्मवीर सैनीए सतीश सैनीए मंजीत सैनीए महावीर सैनी, जोगिंदर, रामपाल रेवर व अन्य सदस्य मौजूद थे।

### नामांकन के अंतिम दिन रही चहल-पहल

**कलायत।** नपा प्रधान व पार्षद पद आम चुनाव नामांकन के अंतिम दिन भारी चहल-पहल रही। उप मंडल मुख्यालय पर नपा चुनाव अधिकारी एवं शुगर मिल प्रबंध निदेशक कृष्ण व सहायक चुनाव अधिकारी तहसीलदार दिनेश ढिल्लो ने टीम के साथ नामांकन जमा करवाने की प्रक्रिया पूरी करवाई। प्रधान पद के लिए कुल 12 नामांकन प्राप्त हुए। इसमें भाजपा प्रत्याशी मेनपाल राणा, मेनपाल राणा के पुत्र जसविंद्र राणा, आप पार्टी से जसविंद्र जस्सी राणा, राजू कौशिक, पूर्व चेयरपर्सन शशीबाला कौशिक, भाजपा के खिलाफ बागी तेवर अपनाने वाले अंकित जैलदार, आल इंडिया राहुल बिग्रेड जिला अध्यक्ष दीपक निर्मल, प्रवीण शर्मा, मनप्रीत नायक, रोबिन राणा, बलजीत वाल्मीकि व आशीष शामिल हैं।



कलायत। मेनपाल राणा का नामांकन जमा करवाते पार्टी के नेता।



जुलाना। भाजपा की टिकट पर नामांकन करते डा संजय जांगड़ा।

### भाजपा प्रत्याशी डॉ. संजय ने किया नामांकन

**जुलाना।** नगरपालिका चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन भाजपा के प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, जिला प्रभारी मदन गोयल, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, जिला महामंत्री डा राज सैनीए युवा जिलाध्यक्ष गौरव भारद्वाज आदि मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डा. डीपी वत्स ने कहा कि भाजपा की तीन ईंजन की सरकार बनने जा रही है। जुलाना में लोकसभा और विधानसभा में भी भाजपा को ही जीत मिली थी। इस बार भी भाजपा की ही जीत होगी। डॉक्टर संजय जांगड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार के चलते वो पूरे कस्बे का चंहुमुखी विकास करवाएंगे। नामांकन के बाद पूरे शहर से जुलूस निकाला गया।

### सफीदोंः तीन उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

**सफीदों।** सफीदों नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 के उपचुनावों के मद्देनजर सोमवार को नामांकन के आखिरी दिन अजीत निवासी वार्ड नंबर 14 सफीदों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि इस उपचुनावों के लेकर अजीत ने अपना नामांकन दर्ज करवाया है। इस अवसर पर चुनाव कानूनगो नरेश कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। रिटर्निंग अधिकारी पुलकित मल्होत्रा ने बताया कि नामांकन दाखिल करने की आज आखिरी तारीख थी। अब तक इस उपचुनाव को लेकर ज्योति, नीरू कुमार व अजीत के तीन नामांकन पत्र प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच 18 फरवरी को होगी तथा नामांकन वापसी की तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई है। इसके बाद इसी दिन नामांकन दर्ज करने वाले उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह अलॉट कर दिए जाएंगे। उसके बाद आगामी 2 मार्च को यह उपचुनाव संपन्न होगा।



एसडीएम पुलकित मल्होत्रा को नामांकन सौंपते उम्मीदवार अजीत।



सीवन। नगरपालिका चुनाव के लिए पर्चे दाखिल करते प्रत्याशी।

### दिग्गजों ने किया नामांकन, दिखाई ताकत

**सीवन।** सीवन नपा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किए। अंतिम नामांकन भरने वाले प्रत्याशियों की भीड़ नामांकन कार्यालय में लगी रही। सुबह से ही प्रत्याशी अपने कागजात पूरे कर कतारों में लगे दिखाई दिए। कागजात की जांच करने के उपरांत फाइलें आर.ओ. व ए.आर.ओ के पास जमा करवाई गई। सभी कागजात की जांच होने के बाद आवेदन फार्म जमा किए गए। नपा चुनाव के आर.ओ. एवं एस.डी.एम. गुहला परमेश सिंह ने बताया कि सोमवार को नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख थी। दोपहर 3 बजे तक नामांकन जमा किए गए हैं। नामांकन के अंतिम दिन नगरपालिका सीवन चेयरपर्सन पद के लिए कई दिग्गजों ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए। भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल ने भाजपा के बड़े चेहरों के साथ नामांकन दाखिल किया। सोमवार को ही संतोष शर्मा, संयम गुप्ता, हेमा सैनी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया।

## फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

# जींदः चलती गाड़ी में लगी आग, बड़ा हादसा टला

- हीट होने से गाड़ी से निकलने लगा धुआं ,नीचे उतरते ही भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने मिनी बाईपास पर सोमवार दोपहर को उस समय हडकंप मच गया जब एक चलती कार में आग लग गई। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाडिय़ां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। मिनी बाईपास पर सोमवार दोपहर को चलती कार में अचानक से आग लग गई। गाड़ी के आगे बोनट के अंदर से धुआं उठा तो चालक ने कार को रोक दिया और नीचे उतर गया और डायल 112 और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिस पर फायर ब्रिगेड की दो गाडिय़ां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गाड़ी 50 प्रतिशत से ज्यादा जल चुकी थी और इसके अंदर रखा सामान भी जल गया। गनीमत यह रही कि समय रहते गाड़ी में बैठे दो युवक सुरक्षित उतर गए। अजमेर बस्ती निवासी यश व अभिमन्यु ने बताया कि वह शहर से टाटा इंडिगो सीएस गाड़ी में अपने घर की तरफ जा रहे थे। रजबाहा रोड जेडी 7 पर हैप्पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सामने पहुंचे थे कि गाड़ी से अचानक धुआं निकलने लगा। दोनों ने तुरंत गाड़ी को रोक दिया और खिड़की खोल कर नीचे उतर गए। दोनों नीचे उतरे ही थे कि गाड़ी के अगले हिस्से में आग भड़क उठी। तभी सूचना देने पर फायर ब्रिगेड की दो गाडिय़ों ने मौके पर पहुंचकर पानी की बौछारें शुरू कर दी और करीब 15 से 20 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर पहुंची डायल 112 गाड़ी पर पुलिस सब इंस्पेक्टर सरोज ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वो तुरंत पहुंच गई थी। गाड़ी को नुकसान हुआ है। गाड़ी में बैठे दोनों युवा सुरक्षित हैं।



जींद। आग पर काबू पाते फायर ब्रिगेड कर्मी। फोटो :हरिभूमि

# बाइक की खंभे में टक्कर एक की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल के गांव बिटानी-रोझला मार्ग पर एक बाइक की खंभे के साथ टक्कर हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तथा एक बुजुर्ग महिला सहित दो अन्य बुरी तरह से घायल हो गए। मृतक की पहचान बिटानी निवासी रिषभ (16) के रूप में हुई है। किसी राहगीर ने घटना की सूचना गांव में दी। सूचना पाकर काफी तादाद में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तीनों घायलों को सफीदों के नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने रिषभ को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके भाई शिवम (14) को गंभीरावस्था में जींद रेफर कर दिया तथा उनकी दादी का नागरिक अस्पताल में इलाज चल रहा था। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। गांव बिटानी निवासी दोनों सगे भाई रिषभ व शिवम पिछले छह महीने से सफीदों के वार्ड नंबर छह के एक मकान में किराये पर रहकर पढ़ाई कर रहे थे। वे शनिवार सायं को परिवार से मिलने के गांव बिटानी में चल गए थे। रविवार सायं को वे दोनों बाइक पर अपनी दादी को साथ लेकर गांव से सफीदों लौट रहे थे।

**खबर संक्षेप**

### मायका पक्ष ने किया हमला, तीन घायल

**जींद।** घरेलू कलह के चलते रतन कालोनी में महिला ने अपने मायके वालों को बुला पति, सास तथा सुसर पर हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर पुत्रवधु समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। रतन कालोनी निवासी नीरज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीमार मां की सेवा को लेकर उसकी पत्नी मोनिका के साथ कहासुनी हो गई।

### जेवर-नकदी के साथ महिला संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** आश्रम बस्ती से जेवरात तथा नगदी के साथ संदिग्ध हालात में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।आश्रम बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी पत्नी खाना खाकर कमरे सो गई थी। जो रात को घर से गायब हो गई। इसके इलावा घर पांच हजार की नगदी तथा सोना, चांदी के जेवरात भी गायब है।

### लोगों को समय पर नही मिल रही सुविधाएं

**जींद।** भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा का मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पांचवें दिन भी जारी रहा। जिला अध्यक्ष कश्मीर सिंहए सचिव कपूर सिंह और कोषाध्यक्ष संदीप जाजवान ने कहा कि भाजपा सरकार के दस सालों के राज में निर्माण मजदूरों का न तो पंजीकरण हो रहा और न ही समय पर सुविधा मिल रही है।

### आरोपी पौने दो साल बाद गिरफ्तार

**जींद।** महिला थाना पुलिस ने लगभग पौने दो साल पहले मंदबुद्धी युवती का यौन शोषण करने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित घटना के बाद से भूमिगत था। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। शहर थाना इलाका की एक महिला ने 26 मई 2023 पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि उसकी 34 वर्षीय बेटी मंदबुद्धी है। जो घर पर रहती है। वह काम पर चली जाती थी। घर ने उसकी बेटी अकेली रहती थी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

**जींद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आठ मार्च 2025 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जींद स्थित न्यायिक परिसर व उपमंडल स्तर पर नरवाना व सफीदों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम मोनिका ने बताया कि आपसी समझौते से हल हो सकने वाले मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत काफी कारगर साबित हो रही है।

### हथियार व मोबाइल पर रहेगा प्रतिबंध

**जींद।** जिलाधीश एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि सीबीएसई की 10वीं एवं 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित रूप से सम्पन्न करवाने के लिए नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएसएस 2023 की धारा 163 लागू की गई है। इस आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को हथियार या फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

### रोहित ने बॉडी बिल्डिंग में जीता गोल्ड

जींद। कैथल बॉडी बिल्डिंग एंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पुंडरी में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में हनुमत फिटनेस सेंटर के रोहित कुमार ने जूनियर 70 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता। यह प्रतियोगिता बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा ने इंडोर आउटडोर राजकीय स्टेडियम पुंडरी में करवाई गई।

### मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन 23 को

**सफीदों।** आर्य समाज सफीदों के तत्वावधान में आगामी 23 फरवरी दिन रविवार को नगर के आर्य समाज मंदिर में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए आयोजक संस्था के अध्यक्ष यादविंद्र बराड़ ने बताया कि इस मौके पर प्रातः 9 बजे विशाल हवन यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

## सर्दी खांसी से निमोनिया के मरीजों की ओपीडी बढ़ी

# दिन में गर्मी और रात में सर्दी आमजन को कर रही बीमार

### नागरिक अस्पताल की ओपीडी 2148, 300 लोग वायरल से उपचार के लिए पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिन में गर्मी और रात में सर्दी लोगों को बीमार कर रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सोमवार को जींद नागरिक अस्पताल की कुल ओपडी 2148 रही। जिसमें से 300 मरीज ऐसे थे, जिन्होंने बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में जकडऩ को लेकर उपचार के लिए पर्ची कटवाई। इसके साथ ही सर्दी खांसी से निमोनिया के मरीजों की ओपीडी बढ़ गई है।

इमरजेंसी में भी सांस की तकलीफ को लेकर मरीज पहुंच रहे हें। इंफेक्शन अधिक होने के कारण सर्दी, जुखाम, खांसी के मरीजों को ठीक होने में ही एक सप्ताह का समय लग रहा है। ऐसे में चिकित्सकों की सलाह है कि मौसम को देखते हुए विशेष ध्यान रखें और गरम पेय पदार्थों का सेवन करें। प्रतिदिन पहुंचते हैं 1800 मरीज, 250 मरीज सर्दी, बुखार से पीड़ित :नागरिक अस्पताल में इन दिनों प्रतिदिन 1800 पर्ची बन रही है। सोमवार व शनिवार को यह संख्या 2200 तक पहुंच जाती है। इनमें से लगभग 250 मरीज ऐसे हैं जिन्हें वायरल है या फिर सर्दी, खांसी, जुखाम है। वहीं पिछले एक सप्ताह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार चढाव बना हुआ है। अधिकतम तापमान 26 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रह रहा है। जिसके चलते इस समय सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 200 से 250 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है।



जींद। नागरिक अस्पताल में लगी लंबी लाइन। फोटो :हरिभूमि

**पिछले एक सप्ताह का तापमान**

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 17 फरवरी | 26 डिग्री | 13 डिग्री |
| 16 फरवरी | 24 डिग्री | 08 डिग्री |
| 15 फरवरी | 24 डिग्री | 08 डिग्री |
| 14 फरवरी | 24 डिग्री | 10 डिग्री |
| 13 फरवरी | 24 डिग्री | 09 डिग्री |
| 12 फरवरी | 24 डिग्री | 09 डिग्री। |

**इन बातों का रखें ध्यान**

नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि इस समय दिन के समय अधिक व रात के समय न्यूनतम तापमान कम है। जो कि वारयल फीवर का कारण बना हुआ है। इस मौसम में लोगों को खांसी, जुखाम, बदन दर्द, गला दर्द जैसी कई समस्याएं होती हैं। इसमें होने वाला वायरल फीवर हमारे इम्यून सिस्टम को कमजोर कर देता है, जिसकी वजह से शरीर में इंफेक्शन बहुत तेजी से बढ़ता है। वायरल के संक्रमण बहुत तेजी से एक इंसान से दूसरे इंसान तक पहुंच जाता है। ऐसे में हमे विशेष ध्यान रखने की जरूरत होती है। वायरल होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**वायरल बुखार के लक्षण**

नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि वायरल बुखार के मुख्य लक्षण गले में खराश और कंपकपी, खांसी, जुखाम, तेज बुखार, थकान, जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों व बदन में दर्द, सिर और गले में दर्द, आंखें लाल होना आदि हैं। ऐसे में तुरंत प्रभाव से चिकित्सक की सलाह लेकर दवा लेनी चाहिए। बच्चों तथा वृद्धों के स्वास्थ्य व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए।




जींद। कार्यक्रम में प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

## राजकीय उच्च विद्यालय सुदकैन खुर्द में प्रतिभा सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय उच्च विद्यालय सुदकैन खुर्द के प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यअतिथि महंत योगी रूपनाथ कपलानी आशीर्वाद देने के लिए मौजूद रहे। अवसर पर शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी सुमित्रा देवी, खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पा रानी, खंड उचाना के बीआरसी रणपाल श्योकंद ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। डीएसपी अमित भाटिया ने ग्रामवासियों एवं बच्चों को अपराध से दूर रहने की प्रेरणा दी साथ में दुर्गा शक्ति इंचार्ज नरेश कुमार ने भी बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए सलाह दी और नशे से कितनी हानियां होती हैं उनसे भी अवगत कराया एवं ग्राम सरपंच आसपास के स्कूलों से प्रधानाचार्य बलजीत गोयत वीरेंद्र मलिक, मुनित बेरवाल, सतीश डीपी, नीरज मलिक, कर्मवीर हेड मास्टर एवं भिन्न भिन्न स्कूलों के शिक्षकवृंद भी मौजूद रहे। ग्राम पंचायत व स्कूल प्रबंधक कमेटी ने पूर्व में कार्यरत रहे शिक्षकों एवं वर्तमान में शिक्षकों को भी सम्मानित करने का काम किया। विद्यालय प्रभारी नवीन कुमार ढांडा ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के सरपंच एवं स्टाफ के साथ मिल कर सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगासन की रूपरेखा तैयार की। बच्चों ने हरियाणवी लोकनृत्य कला, पंजाबी नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य, बच्चों ने एक नई कला करते हुए पिरामिड बना कर अद्भुत प्रदर्शन किया। ग्रामीण आंचल में बने सरकारी स्कूल के इस प्रकार के सांस्कृतिक झांकियां देखकर श्रोताओं ने सरकारी स्कूल के अध्यापकों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। रणपाल श्योकंद ने भी विद्यालय प्रभारी एवं स्टाफ की प्रशंसा की और इसी तालमेल के साथ कार्य करते रहें और विद्यालय को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रेरणा दें। मुख्यअतिथि महंत योगी रूपनाथ ने बच्चे एवं ग्रामवासियों को आशीर्वाद दिया और अभिभावकों से विशेष तौर पर गुजारिश की के अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में न पढ़ा कर सरकारी स्कूल में भेजें ताकि सामान्य शिक्षा के साथ साथ तकनीकी शिक्षा भी प्राप्त कर सकें।

### पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम जारी

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में पांच दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम के चौथे दिन डिजिटल बैंकिंग और बौद्धिक संपदा अधिकारों की सुरक्षा के महत्वपूर्ण विषयों पर ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता डा. प्रमोद मलिक, नोडल ऑफिसर, आईपीआर सैल, कानून विभागए बीपीएसएमवी खानपुर कलां सोनीपत ने किया। इस कार्यक्रम का आयोजन माइक्रो, स्मॉल एंड मिडियम एंटरप्राइजेज एमएसएमई भारत सरकार द्वारा किया गया है। जिसका उद्देश्य समकालीन व्यापार के महत्वपूर्ण आयमो और पहलुओं को समझना है। कार्यक्रम की संयोजक डा. प्रियंका साहनी ने सत्र की शुरुआत करते डा. मलिक का परिचय दिया और बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला। पहले सत्र में बौद्धिक संपदा अधिकारों का अवलोकन पर चर्चा की गई। दूसरे सत्र में डा. मलिक ने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि ट्रेडमार्क कैसे ब्रांड की पहचान और गुणवत्ता के महत्वपूर्ण संकेतक होते हैं, जो उपभोक्ता विश्वास और वफादारी को बढ़ाते हैं।



जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डा. मलिक। फोटो :हरिभूमि



एक रोटी गोमाता के नाम के तहत बॉक्स में रोटी डालते बच्चे।

### गोसेवा समाज सेवी की भावना को प्रेरित किया

जींद। शाइनिंग स्टार्स प्ले स्कूल ने एक रोटी गौ माता के नाम से कार्यक्रम की शुरुआत की है। जिसमें छोटे-छोटे बच्चे स्कूल में प्रतिदिन अपने घर से एक एक रोटी गौ माता के नाम की लेकर आएंगे। लंच के समय यह सैंकड़ों रोटियां इकट्ठी की जाएंगी और फिर गौशाला में दान की जाएगी। इस प्रयास का उद्देश्य बच्चों में गौसेवा और समाज सेवी की भावना को प्रेरित करना है। आज स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन कर यह अनोखी और सराहनीय पहल शुरू की गई। इस कार्यक्रम में प्रमुख समाजसेवी एवं अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इसके साथ-साथ कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के चेयरमैन मनजीत सिंह ने की।

### छात्राओं ने संगीतमय प्रस्तुतियां देकर मन मोहा

**सफीदों।** नगर के सरला मैमोरियल राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम सरगम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संगीत प्रोफेसर डा. अंजू रानी शर्मा ने शिरकत की। कुल 17 सांस्कृतिक वर्गों में संगीत, नृत्य और नाट्य प्रतियोगताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने संबोधन में प्रोफेसर डा. अंजू रानी शर्मा ने कहा कि जीवन में संगीत और नृत्य का बेहद महत्व है। संगीत संसार के कण-कण मे समाया है। नदियों की कल-कल, पक्षियों के कलरव, भंवरों के गुनगुन, बारिश की रिमझिम, बादलों की गडगड़ाहट, हवाओं की सरसराहट हर किसी में संगीत समाया हुआ है। इस मौके पर सुष्मना, डा. तेजवीर, डा. विकास लाठर, सीमा चहल, नेहा, नीलम विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



सफीदों। विजेता छात्राओं के साथ अतिथि व कॉलेज स्टाफ।



नरवाना। कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। फोटो :हरिभूमि

### तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत

**नरवाना।** नरवाना के एम राजकीय महाविद्यालय नरवाना में प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में कैरियर गाइडेंस एंड पर्सनैलिटी डेवलपमेंट विषय पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ मीनू सिंह ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते कहा कि पढ़ाई के साथ.साथ व्यक्तित्व विकास व समसामयिक गतिविधियों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इस कार्यशाला में आज के मुख्य वक्ता राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धनोरी में कार्यरत वाणिज्य प्राध्यापक राजेश गर्ग जी रहे । विद्यार्थियों को संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी तथा साक्षात्कार प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इसके साथ.साथ ग्रुप डिस्कशन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा डिजिटल अरेस्ट जैसे ज्वलंत मुद्दों पर भी अपने विचार प्रकट किये । कार्यक्रम का संचालन संयोजिका प्लेसमेंट सेल प्रो. प्रोमिला ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. मोहित, कमलजीत,कविता आदि प्राध्यापकों की अहम भूमिका रही।




जींद। राजकीय महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र।

### भूगोल प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में किरण रही प्रथम

जींद। राजकीय महाविद्यालय के युवा भूगोल क्लब द्वारा भूगोल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भूगोल विभाग की विभिन्न कक्षाओं के 17 छात्रों ने भाग लिया और अपनी ज्ञान क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा किरण ने प्रथमए बीए ऑनर्स के राहुल ने द्वितीय तथा नवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष विक्रम सिंह एवं एक्टिविटी इंचार्ज डा. कृष्ण ने विजेता छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भूगोल विभाग के सभी प्राध्यापकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बाढ़ बचाव तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आगामी बरसात मे यदि बाढ़ की स्थिति पैदा हो तों उससे निपटने के लिए जिला के सिंचाई विभाग एवं पीडब्लूडी बीएंड आर द्वारा की गई तैयारियों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बाढ़ से निपटने के लिए उपलब्ध उपकरणों की जांच की गई व उनकी कार्यप्रणाली का मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण दल में एसआई जीडी अयूब अली, एचसी जीडी पशुपतिनाथ मिश्रा, सीटी राजू चैहान, सीटी भूपेंद्र सिंह एवं एफआर, नवीन कुमार शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद बाढ़ सुरक्षा संसाधनों, राहत एवं बचाव उपकरणों की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और उनकी कार्य क्षमता की जांच की। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दोनों विभागों मे बाढ़ से बचाव के सभी उपकरण मौजूद है ताकि यदि भविष्य मे कभी भी ऐसी प्राकृतिक आपदा की स्थिति पैदा हो तों उससे निपटा जा सके। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी पंपिंग सेट, बोट, सैंड बैग, जनरेटर, मेडिकल किट एवं अन्य राहत सामग्री कार्यशील स्थिति में हो और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रूप से उपयोग में लाई जा सके। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें ताकि किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके।



जींद। अधिकारियों से बातचीत करते हुए एनडीआरएफ टीम सदस्य।



जींद। बैठक में मौजूद सभा पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### सुनार सभा ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**जींद।** मैढ़ सुनार सभा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी सहित सरकार के आला अधिकारियों को पुनः पत्र लिखकर हिसार के आजाद नगर से अगवा की गई नाबालिग लड़की को तुरंत बरामद करने की मांग की है। सभा ने पत्र में हिसार प्रशासन की टालमटोल की नीति अपनाने तथा पीड़ित परिवार की मदद करने की बजाय अन्य लोगो से अनाप-श्नाप बयान दिलवाने की निंदा करते हुए जन आन्दोलन करने की चेतावनी भी दी है। स्थानीय सैक्टर 6 में स्थित महाराज अजमीढ़ भवन एवं सुनार धर्मशाला में सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में हुई कोर कमेटी की बैठक में इस लापता नाबालिग लड़की की बरामदगी तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की लड़ाई लडने वाले स्वर्णकार समाज के होनहार नेता छत्रपाल सोनी की सुरेवाला मोड़ पर पुलिस की अमानवीय कार्यवाही के दौरान दिल का दौरा पडने से हुई मृत्यु की भी न्यायिक जांच की मांग की गई। सभा के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेश कुमार सोनी, महासचिव राममेहर वर्मा ने बताया कि जल्दी सभा का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री नायब सैनीए महामहिम राज्यपाल को ज्ञापन देकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलवाने की मांग करेगा।

## आचार संहिता की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए

# चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न करवाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिसार मंडलायुक्त ए श्रीनिवास ने उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा को जिला के उपमंडल सफीदों एवं जुलाना में होने वाले चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करवाने के निर्देश दिए। निर्वाचन आयोग द्वारा हरियाणा में नगर निगम, नगर परिषद, नगर पालिका चुनाव 2025 की घोषणा कर दी गई है। चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। ऐसे में जिला में जुलाना एवं सफीदों में चुनाव को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना करें। कोई भी व्यक्ति आदर्श चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना नहीं करे। आचार संहिता की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। निर्देश हिसार मंडलायुक्त ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा को दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जुलाना नगर पालिका क्षेत्र में 14 वार्डो में आम चुनाव हैं। जिसमें जनसंख्या 19 हजार 398 है। जिनमें 7266 पुरूष एवं 6398 महिला मतदाता है। इस प्रकार जुलाना क्षेत्र में कुल 13664 मतदाता है। जिनके लिए 14 पोलिंग स्टेशन स्थापित किए गए है। जुलाना क्षेत्र में कुल 39 ईवीएम मशीनों को अलॉट किया गया है। प्रत्येक पोलिंग बूथ में दो ईवीएम मशीन रखी जाएंगी एवं 11 ईवीएम मशीनों को रिजर्व में रखा जाएगा। जिनका किसी भी आपातकालीन स्थिति में उपयोग किया जा सकेगा। इसके अलावा प्रत्येक पोलिंग बूथ पर एक-एक पीठासीन अधिकारी एवं एक.एक सहायक पीठासीन अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है एवं 2-2 को रिजर्व में रखा गया है। सभी ईवीएम मशीनों का राज्य चुनाव आयोग के आदेश पर इंजीनियर द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है। चुनाव संबंधित सभी सामग्री, बजट और पोलिंग ड्यूटी का प्रबंध किया जा चुका है। प्रत्येक पोलिंग बूथ पर तीन-तीन पोलिंग ऑफिसर की ड्यूटी एवं तीन पोलिंग ऑफिसर को रिजर्व में रखा गया है। उन्होंने बताया कि आगामी दो मार्च को मतदान होगा और 12 मार्च को मतों की गणना की जाएगी।



जींद। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि



जींद। शाहपुर में किसानों को जानकारी देते डा. प्रीति मलिक व अन्य।

### प्राकृतिक खेती पर ग्रामस्तरीय जागरूकता कैंप लगा

**जींद।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा गांव शाहपुर में प्राकृतिक खेती पर ग्रामस्तरीय जागरूकता कैंप का आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला विस्तार विशेषज्ञ डा. प्रीति मलिक ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया तथा प्राकृतिक खेती के तरीकों से अवगत करवाया। बीजामृत, जीवामृत व घनजीवामृत बनाने की विधि के बारे में किसानो को जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक खेती के विभिन घटकों पर प्रकाश डाला तथा किसानो से इस पद्धति से खेती करना का आग्रह किया। हमेटी के प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षक डा. सुभाष चंद्र ने किसानों से प्राकतिक खेती अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया की प्राकृतिक खेती आज की आवश्यकता है। इससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। उन्होंने किसानो से प्राकृतिक खेती अपनाने पर जोर दिया व मोटे अनाजों का उत्पादन व उनको जीवन में अपनाने के लिए प्रकाश डाला। उन्होंने बताया की मोटे अनाज पोषण व गुणों से भरपूर हैं।

**खबर संक्षेप**

### विवाहिता बेटी संग लापता, केस दर्ज

**कैथल** । कैथल के गांव धर्मपुरा से एक विवाहिता अपनी दो वर्षीय बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। इस संबंध में धर्मपुरा के एक व्यक्ति ने सदर पुलिस कैथल को शिकायत में आरोप लगाया है कि 14 फरवरी को उसकी 26 वर्षीय भाभी उसकी 2 वर्षीय बेटी के साथ बिना बताए घर से चली गई। उन्होंने उसके आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल गीत ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला**। थाना पंजोखरा में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रामदास को गिरफ्तार किया है। धनाना के मेजर सिंह ने 16 नवंबर 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 10 नवंबर 2024 को गांव तसडौली से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है।

## मांगों को लेकर सीटू कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

केंद्रीय ट्रेड यूनियन एआईयूटीयूसी कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर नारेबाजी की तथा बाद में अपनी मांगों का ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। यूनियन के जिला सचिव विनोद शाक्य व यूनियन के उपप्रधान शीशपाल ने प्रदर्शनकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हरियाणा प्रदेश के मजदूर- कर्मचारियों की कठिनाइयां आए दिन बढ़ती ही जा रही हैं। महंगाई उनके घरेलू बजट को बिगाड़ रही है। भ्रष्टाचार व बेरोजगारी चरम पर होने से वह तबाही की कगार पर हैं। ऊपर से सरकार उनके बचे-खुचे वैधानिक अधिकारों को भी छीनने पर उतारू है। आलम यह है कि 12-12 घंटे लगातार काम लेने के बाद भी अधिकतर मजदूरों को न्यूनतम वेतन से भी महरूम रखा जा रहा है। कब नौकरी से निकाल दिया जाए, इसकी कोई भी सुरक्षा नहीं है। स्वयं सरकार स्थाई किस्म के कार्य भी ठेका, कैजुअल, आउटसोर्सिंग, सक्षम, स्कीम वर्कर्स आदि के नाम से करा रही है । संघर्षों से हासिल कानूनी अधिकारों को निरस्त किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों को आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि आने वाली 25 फरवरी को चण्डीगढ़/पंचकूला में किसान-मजदूरों का विशाल प्रदर्शन होने जा रहा है। पूरे हरियाणा से हजारों की संख्या में शामिल होने की अपील हमारा संगठन आल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन करता है। हमें उम्मीद है आपकी सरकार इन मांगों को पूरा करके मजदूर-कर्मचारियों को राहत पहुंचने का काम कर सकते हैं। इस प्रदर्शन भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन से जुडे हुए मोहन लाल, विकास, विनोद बाबा लदाना,राजीव पबनावा, अनीता, महेंदरों, सुमन,जगदीश, पवन बाबा लदाना आदि काफी संख्या में महिला-पुरुष शामिल हुए।



कैथल। मांगों को लेकर नारेबाजी कर रोष जताते कर्मचारी



### वेतन की मांग को लेकर जमकर नारेबाजी की

**राजौंद**। हरियाण विद्युत प्रसारण निगम सब डिविजन राजौंद में रोष स्वरूप गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने की। जबकि मंच संचालन सब यूनिट सचिव मुकेश कोटडा ने किया। यह रोष स्वरूप गेट मीटिंग सुबह 09 बजे से लेकर 11 बजे तक की गई। जिसमें कर्मचारियों ने सरकार व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ नारेबाजी की। इस गेट मीटिंग में सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। सब यूनिट प्रधान अश्वनी ढांडा ने बताया कि यह गेट मीटिंग सेटर काउसिंल के आह्वान पर की गई। जिसमें डी सी रेट पर कार्यरत कर्मचारियों को दिसंबर माह से लेकर फरवरी तक वेतन न मिलने व सेंशन न मिलने को लेकर रोष प्रकट किया। इस दौरान सुखदेव एस ए गुरदेव एस एस मोहित, प्रवीन कोटडा, कुलदीप, विकास शर्मा, सिया राम जे ई, सतीश जे ई, साहब सिंह जे ई, रोहताश, सुरेश, सरिता, ऋतु सहित भारी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। मीटिंग के दौरान रोष जताते हुए कर्मचारी।



पूंडरी। बैठक के दौरान रोष प्रकट करते बिजली कर्मचारी।

## पूंडरी: बिजली कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

एचएसईबी वकर्स यूनियन हेड ऑफिस भिवानी व केंद्रीय परिषद के आह्वान पर एचएसईबी. वकर्स यूनियन यूनिट पूंडरी द्वारा सभी सब यूनिटों पर 2 घंटे की रोष मीटिंग आयोजित की । यह रोष गेट मीटिंग हरियाणा सरकार व निगम मैनेजमेंट के खिलाफ डीसी. रेट के कर्मचारी की तनख्वाह न आने को लेकर की गई। आज की गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट के प्रधान राम मेहर ने की और मंच संचालन सचिव विनोद शर्मा ने किया। बता दें कि 31 दिसम्बर 24 से डी.सी. रेट के कर्मचारियों की सैंक्शन समाप्त हो चुकी है, परंतु इस दौरान सभी कर्मचारी निगम हित में काम पर लगे हुए हैं, जोकि कहीं न कहीं हर प्रकार से खतरनाक हो सकता है। आज की रोष गेट मीटिंग में कैथल सर्कल सचिव जितेंद्र बाकल ने कहा कि मैनेजमेंट से कई बार बातचीत के बावजूद भी डी.सी. रेट कर्मचारी को सैंक्शन व सैलरी जारी नहीं की गई है।





## ध्रुव पब्लिक स्कूल में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कार्यशाला का सफल आयोजन

**पूंडरी**। ध्रुव पब्लिक स्कूल फतेहपुर में मॉडल यूनाइटेड नेशंस कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों में वैश्विक मुद्दों की समझ विकसित करना, कूटनीतिक क्षमता को बढ़ावा देना और सार्वजनिक भाषण व शोध कौशल को मजबूत करना था। कार्यशाला में दिल्ली से आए विशेषज्ञ राहुल और गरिमा ने छात्रों को रूह की प्रक्रियाओं, नियमों और वाद-विवाद के तौर-तरीकों से अवगत कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न देशों के प्रतिनिधि बनकर अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा की और संभावित समाधान प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्या प्रवीन ढिल्लो ने छात्रों के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए कहा कि जैसी गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक, नेतृत्व और संवाद कौशल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने छात्रों को इस तरह की गतिविधियों में आगे भी भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## जल जीवन मिशन: पीआरआई सदस्यों को किया प्रशिक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सोमवार को जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से अग्रसेन धर्मशाला जखोली अड्डा कैथल में एकदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन करवाया गया। कार्यशाला में कैथल खंड के 21 गांव के सरपंचों, पंचों, ग्राम सचिवों व स्वयं सहायता समूह ने भाग लिया। कार्यशाला में जिला सलाहकार दीपक कुमार ने पेयजल व्यवस्था की नई संचालनव रखरखाव नीति संबंधित विस्तार से जानकारी प्रदान करते कहा कि इस नीति के तहत अब ग्राम पंचायतें सरकारी जन भागीदारी सुनिश्चित करें ताकि जल जीवन मिशन के उद्देश्य को निरंतर सफल बनाया जा सके। इस कार्यक्रम के तहत ग्राम जल एवं सीवरेज समिति का कार्य अहम रहेगा।





कैथल। उपस्थितजनों को जल जीवन मिशन के तहत प्रशिक्षित करते जिला सलाहकार दीपक कुमार।

वहीं महिला सशक्तिकरण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्वयं सहायता समूह की महिला को जल जीवन मिशन के साथ जोड़ा जा रहा है। जो गांव में नल कनैक्शन देने, पेयजल बिल एकत्रित करने व पानी की जांच करने का कार्य भी करेगी। दीपक कुमार ने 15वें वित्त आयोग के बारे में बताया। जिला सलाहकार दीपक कुमार ने कहा कि जल संरक्षण की इस मुहिम में ग्राम पंचायतों को आगे आना होगा ताकि गांव में हो रही पानी की बबार्दी को रोका जा सके और भविष्य में हमारे आने वाली पीढ़ी को पानी की किल्लत का सामना ना करना पड़े। दीपक कुमार ने उपस्थित लोगों को विभाग के टोल फ्री नंबर के बारे में भी बताया उन्होंने कहा कि पीने के पानी से संबंधित शिकायत के निवारण के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के टोल फ्री नंबर 18001805678 पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं। बीआरसी संदीप कुमार ने ग्राम जल एवं स्वच्छता कमेटी के कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रोजेक्टर पर पानी बचाने की छोटी-छोटी वीडियो दिखाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि ग्राम जल एवं स्वच्छता कमेटी का मुख्य उद्देश्य गांव में लोगों को जल संरक्षण करने के प्रति प्रेरित करना है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कैथल के रसायनज्ञ, सुभाष चंद ने पानी की जांच के लिए फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पानी की गुणवत्ता के बारे में भी बताया।

### अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें: अतिरिक्त उपायुक्त

**कैथल**। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा ने कहा कि कुपोषण मुक्त गांव अभियान के अंतर्गत संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें, ताकि कुपोषण को जड़ से खत्म किया जा सके। जागरूकता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस संबंध में जागरूक किया जाए। अतिरिक्त उपायुक्त दीपक बाबू लाल करवा लघु सचिवालय स्थित सभागार में कुपोषण मुक्त गांव अभियान के तहत बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने चयनित 60 गांव में पोषण से संबंधित कार्यों का ब्यौरा लिया गया। उन्होंने कहा कि हमें गहराई से कुपोषण के कारणों का पता लगाकर कुपोषण स्तर को कम करना है। बच्चों में कुपोषणता के साथ-साथ हमें दूध पिलाने वाली महिलाओं, गर्भवती महिलाओं को भी जागरूक करना आवश्यक है। सभी सुपरवाईजर आंगनवाडी कार्यकर्ताओ की कार्य कुशलता को बेहतर करें।

## छात्राओं ने सीखे नृत्य के गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिल मुनि राजकीय महिला कालेज कलायत कैथल के महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में /"पांच दिवसीय नृत्य कार्यशाला /"का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक की भूमिका में कलायत के सुप्रसिद्ध असीम डांस एकेडमी के संस्थापक व कोरियोग्राफर असीम शर्मा रहे। कार्यक्रम के शुभारंभ में रीनू मैडम महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने असीम शर्मा का स्वागत करते छात्राओं को उनके परिचय से अवगत कराया असीम शर्मा ने अपने प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को जीवन में तनाव से मुक्ति के लिए डांस का अति महत्वपूर्ण स्थान बताया। नृत्य को कला बतलाते छात्राओं को डांस के बेसिक पहलुओं बतला कर खुद स्टेप करते हुए छात्राओं को डांस सिखाया। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने छात्राओं को प्रेरणा देते हुए बताया कि महिला प्रकोष्ठ में होने वाली प्रत्येक गतिविधियों में छात्राओं को भाग लेना चाहिए और नृत्य एक ऐसी कला है जो आपको स्वस्थ शरीर के साथ स्वस्थ मन का भी विकास करती है। नृत्य में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं अगर मनुष्य अपने जीवन में शौक के साथ रोजगार की तलाश करना चाहता है, तो उसे बारीकियां से सीखना चाहिए जिससे वह अच्छे मुकाम को हासिल कर सके। डांस शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। डांस शरीर को लचीला करता है। कार्यशाला में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और पूरी धैर्यता के साथ डांस की बारीकियां को सीखा। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी रीनू रानी, रेड क्रॉस व रेड रिबन प्रभारी डॉक्टर कविता वाणिज्य विभाग प्राध्यापिका कविता भी उपस्थित रही।



कैथल। नृत्य सीखती छात्राएं।

### रोजगार कार्यालय में जॉब फेयर का आयोजन किया

**कैथल**। जिला रोजगार अधिकारी अरुण कुमार ने बताया कि कार्यालय में सोमवार को जॉब फेयर का आयोजन किया गया। इस जॉब फेयर में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, पुखराज हेल्थ केयर करनाल, एमडीएन स्कूल कैथल, लाइव एजुकेशन कन्सल्टन्सी पूंडरी व नव ज्योति बायोफर्टिलाइजर कैथल आदि कंपनियों ने भाग लिया। मेले के दौरान 156 इच्छुक प्रार्थियों ने नौकरियों के लिए पंजीकरण करवाया व 128 प्रार्थियों को जॉब ऑफर लेटर प्रदान किए गए, जिनमें से लाईव एजुकेशन कन्सल्टन्सी द्वारा 25 प्रार्थियों को, एमडीएन स्कूल द्वारा 16 प्रार्थियों को, पुखराज हेल्थ केयर द्वारा 9 प्रार्थियों को, नव ज्योति बायो फर्टिलाइजर द्वारा 15 प्रार्थियों को तथा एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस द्वारा 63 प्रार्थियों को जॉब ऑफर किया गया।

- विभिन्न कंपनियों द्वारा 128 प्रार्थियों को प्रदान किए जॉब ऑफर लेटर

## शिविर में 300 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत के गांव शिमला में मल्टी स्पेसिलिटी अस्पताल द्वारा निशुल्क हृद्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आल इंडिया टापर रहने वाले हृदय रोग विशेषज्ञ डा.सुधीर मोर ने शिविर में रोगियों की स्वास्थ्य जांच की। शिविर में बीपी, शुगर, पेशाब-खून, बच्चों के दिल में छेद व अन्य रोगों से संबंधित करीब 300 रोगियों का चैकअप किया गया। डा.सुधीर मोर ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खानपान व रहन-सहन के प्रति संजीदा होना जरूरी है। खानपान में कोई भी ऐसी चीज का इस्तेमान न करें जिससे स्वास्थ्य जीवन खतरे में पड़े। बेहद चिंता का विषय है कि 20 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के युवा हृद्य रोग की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने धूरमपान, शराब, जंक फूड, नमक, चीनी व तेलिय पदार्थों से दूर रहने का परामर्श दिया। इस प्रकार की जीवन शैली से काफी हद तक बीमारी से बचा जा सकता है। शिविर में स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ निशुल्क दवाएं भी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव शिमला डा.सुधीर मोर का पैतृक गांव है।



कलायत। गांव शिमला रोगियों की जांच करते डा.सुधीर मोर।

## जनगणना करवाने में पहली बार चार साल से अधिक हुई देरी : राजीव आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय किसान मजदूर संयुक्त यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि 14 करोड़ पात्र लोगों को लाभ नहीं मिल रहा। कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार है जब हर 10 साल से कराईं जाने वाली जनगणना में चार साल से अधिक समय की देरी हुई है मूल रूप से इसे 2021 में हो जाना चाहिए था लेकिन अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार जनगणना कब करवाएगी।



- 14 करोड़ लोग खाध सुरक्षा से वंचित, सरकार जल्द कराए जनगणना

राजीव ने कहा कि बजट आवंटन को देखकर पता चलता है कि इस वर्ष भी नई जनगणना कराए जाने की संभावना नहीं है राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम ( एनएफएसए ) के तहत लाभार्थियों की पहचान 2011 की जनगणना के अनुसार की जा रही है न की नवीनतम आंकड़ों के आधार पर( इसके चलते करीब 14 करोड़ लोग खाद्य सुरक्षा से वंचित हैं। इसका उद्देश्य खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है गौरतलब हैं की पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण पांच साल के लिये और बढ़ा दिया लेकिन मौलिक अधिकार हैं कि खाद्य सुरक्षा कोई विशेष अधिकार नहीं बल्कि यह एक मौलिक अधिकार है।



### एनसीसी छात्रों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती है : राजेंद्र सिंह

**राजौंद**। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल जाखौली में एनसीसी छात्रों के लिए एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रबंध निदेशक राजेंद्र सिंह एवं देवेंद्र आर्य ने की। सेमिनार में एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और देश सेवा के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया।इस अवसर पर निदेशक राजेंद्र सिंह ने कहा कि एनसीसी छात्रों के व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका निभाती है और उन्हें भविष्य में सशस्त्र बलों व अन्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने के लिए प्रेरित करती है। देवेंद्र आर्य ने भी छात्रों को अनुशासित जीवन जीने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने की प्रेरणा दी। स्कूल के एनसीसी प्रभारी एवं अन्य शिक्षकों ने भी छात्रों को उपयोगी जानकारी प्रदान की। छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस सेमिनार में भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए।

## हिंदी इंटरैक्टिव डिजिटल ई-व्याकरण का राजस्थान के जिला सीकर के विद्यालय में सफल उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवली के विद्यार्थियों ने डॉ. विजय चावला द्वारा तैयार ऑनलाइन खेलों से किया अपनी दक्षताओं का आकलन। आरोही स्कूल ग्योंग जिला कैथल में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने जानकारी देते बताया कि कक्षा-कक्ष में प्रत्येक विद्यार्थी में हिंदी व्याकरण की विभिन्न भाषायी दक्षताएं समय पर ही विकसित की जानी चाहिए ताकि वह कम से कम शब्दों में शुद्धतापूर्वक अपने भावों को व्यक्त कर सके। विद्यार्थियों में हिंदी व्याकरण की दक्षताओं को विकसित करने के उद्देश्य को समक्ष रखते हुए उनके द्वारा /"हिंदी इंटरैक्टिव डिजिटल ई-व्याकरण तैयार की गई है। उन्होंने इस डिजिटल ई-व्याकरण को पूरे भारत में निःशुल्क प्रदान किया हुआ है। राजस्थान के जिला सीकर के खंड खंडेला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवली में कार्यरत हिंदी अध्यापक अब्दुल कलीम खां ने हिंदी इंटरैक्टिव डिजिटल ई-व्याकरण का उपयोग करते विद्यार्थियों को हिंदी व्याकरण खेल-खेल में सिखाई।



रा.उच्च मावि सेवली में अध्यापक अब्दुल कलीम खां विद्यार्थियों को इंटरेक्टिव बोर्ड से समझाते।

**कार्यक्रम** | कैथल को नशा मुक्त बनाने को लेकर जिला पुलिस का दोहरा प्रयास

# नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा: कालिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसपी राजेश कालिया ने बताया कि पुलिस विभाग का उद्देश्य जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके लिए पुलिस विभाग आमजन के नशे के दुष्प्रभाव बारे बताते हुए नशा ना करने बारे जागरूक कर रहा है। इसके साथ साथ डिमांड और आपूर्ति श्रृंखला को तोड़ने के लिए जिला पुलिस मुख्य आपूर्तिकतार्ओं को गिरफ्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। वर्ष 2024 दौरान 123 नशा तस्कर काबू एसपी ने बताया कि नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसते हुए जिला पुलिस ने वर्ष 2024 में नशा तस्करी के 83 मामले दर्ज कर 123 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से 12 किलो 620.135 ग्राम अफीम, 376.55 ग्राम चरस, 13.853 किलोग्राम चूरा पोस्त, 9.307 किलोग्राम गांजा, 506.852 किलोग्राम डोडोपोस्त, 148.520 ग्राम हेरोइन (चिट्टा), 9 ग्राम स्मैक, 501 इंजेक्शन तथा 7305 नशीली गोलियों सहित बड़ी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया। एसपी ने कहा कि अपराध को रोकने और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने के लिए जिला पुलिस के उच्च अधिकारियों द्वारा गांवों का दौरा कर सरपंचों और पंचायत सदस्यों व ग्रामीणों के साथ बैठकें की जा रही हैं। एसपी ने कहा कि आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ देते हुए आहुति डाले। किसी भी नशा तस्कर कि सूचना डायल 112, कंट्रोल रूम या नंबर 9254049337 पर दे सकते है।



कैथल। ग्रामीणों को नशा न करने बारे जागरूक करते पुलिस कर्मचारी।

### एक्ट तहत नशा तस्करों पर की जा रही कार्रवाई

कैथल पुलिस द्वारा एसे 9 आदतन नशा तस्करों को डिटेन करवाया जा चुका है। इसके साथ साथ इस एक्ट तहत नशा बेचकर अर्जित की गई संपती फ्रिज व नष्ट करवाई जा सकती है। कैथल में 3 नशा तस्करों की काली कमाई से अर्जित संपती को तहस नहस किया जा चुका है तथा 3 नशा तस्करों की करीब 2 करोड़ 2 लाख 50 हजार रुपए की संपती जब्त की जा चुकी है। जिला के करीब 10-12 अन्य नशा तस्करों को भी चिन्हित किया गया है, जो उनके खिलाफ भविष्य में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## नशे के खिलाफ किया जागरूक



**राजौद**। गांव सेरधा के राजकीय अमरनाथ भगत जयराम कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्त महिला सशक्तिकरण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज की प्राचार्य डा. मधु वालिया व कलायत राजकीय कालेज के प्रिंसिपल राजेश सैनी ने शिरकत की। प्रधानाचार्य डा. राजेश सैनी ने छात्राओं को संबोधित करते कहा कि नशा मुक्ति व महिला सशक्तिकरण को लेकर छात्राओं को जागरूक किया और नशे जैसी घातक बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज की सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान कार्यक्रम में कालेज के सभी स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। डा.राजेश सैनी नशा मुक्त अभियान के तहत सभी छात्राओं को नशा मुक्त पर शपथ दिलाई। इस दौरान सभी स्टार सदस्यों ने भी नशा मुक्त शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



कैथल। एसआई रमेश कुमार को स्टार लगाते एसपी राजेश कालिया।

### इंस्पेक्टर के पद पर प्रमोट हुए एसआई सुरेश

कैथल। जिला पुलिस विभाग में 2 पुलिस कर्मचारी सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर पद पर पदोन्नत हो गए। पुलिस अधीक्षक राजेश कालिया द्वारा दोनो इंस्पेक्टर को स्टार लगाकर बधाई दी गई। पदोन्नत होने वाले में निरीक्षक सुरेश कुमार व रमेश कुमार शामिल है। इंस्पेक्टर सुरेश कुमार बतौर एसएचओ चीका तथा इंस्पेक्टर रमेश कुमार इकनॉमिक सैल कैथल में कार्यरत है। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि प्रमोशन प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मचारियों के कंधों पर अब जिम्मेदारी बढ़ गई है। क्योंकि प्रमोशन के साथ नई जिम्मेदारी मिलती है।

### एआईयूटीयूसी ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

जींद । सरकार की मजदूर और कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ सोमवार को एआईयूटीयूसी की ओर से मांगों को लेकर नगराधीश आशीष देशवाल को ज्ञापन दिया। ज्ञापन के माध्यम से चार लेबर कोड को समाप्त करने की मांग की गई। प्रधान सुधीर कुमारए सचिव वीरभानए कश्मीरए वेद प्रकाश और रविंद्र ने कहा कि सरकार काम करने का समय कम करने की बजाय बढ़ाती जा रही है। बिजली संशोधन बिल के माध्यम से लोगों को प्राइवेट कंपनियों के जरिए लूटने का प्रबंध किया जा रहा है। इसके अलावा स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। वहीं मिड डे मील वर्कर को मात्र दस माह का वेतन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ बड़े.बड़े कॉर्पोरेट के लिए काम कर रही है। आम आदमी परेशान हो रहा है।



### छात्रा चरित्रा ने पास की जेईइ मेन की परीक्षा

कैथल। राधा कृष्ण सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल की 12वीं कक्षा की छात्रा चरित्रा ने जेइइ मेन परीक्षा के पहले ही प्रयास में 91.75 स्कोर प्राप्त किया । चरित्रा ने बिना किसी कोचिंग के स्वाध्याय और आत्म लगन के माध्यम से परीक्षा की तैयारी की। स्कूल की प्रधानाचार्य मीनू और एमडी लाभ सिंह लैलर ने चरित्रा और उसके परिवार को बधाई देते हुए कहा कि हमारे स्कूल की इस मेधावी छात्रा ने नाम रोशन किया है।

### गेटमैन की हत्या के मामले में परिजन पहुंचे एसपी कार्यालय

जींद। सिल्लाखेड़ी रेलवे फाटक पर गेटमैन जामनी निवासी मनीष की हत्या के मामले में परिजनों ने सोमवार को एसपी कार्यालय में पहुंच कर पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए। परिजनों ने कहा कि उसके भाई को ड्यूटी पर मौजूद कुलदीप ने फोन कर बुलाया था। इससे साफ है कि उसके भाई की हत्या का साजिशकर्ता कुलदीप ही है। हत्या का मामला सदर थाना सफीदों में दर्ज किया गया है। जामनी गांव निवासी मृतक के भाई की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था।

# श्रीधाम सोसायटी में आध्यात्मिक संगम आज, श्रीश्री रविशंकर करेंगे शिरकत

■ नस्ल बचाओ और फसल बचाओ अभियान का किया जाएगा आगाज : दयाकिशन गिल

हरिभूमि न्यूज. जींद



जींद। कार्यक्रम की तैयारियों में जुटे आयोजक।



फोटो :हरिभूमि

आर्ट आफ लिविंग हरियाणा के तत्वाधान मंगलवार को सेक्टर सात ए के श्री धाम नगर में होने वाले आध्यात्मिक संगम की तैयारियो को आयोजको ने अतिम रूप दिया। कार्यक्रम मेआर्ट ऑफ लीविंग के अध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर शिरकत करेंगे। आध्यात्मिक संगम में श्री श्री रविशंकर नस्ल बचाओ और फसल बचाओ अभियान को प्रदेश भर की खापों के चौधरियो से मिलकर और अभियान को आगे ले जाने का आह्वान करेंगे। कार्यक्रम मे लोगो को कोई परेशानी न हो इसका भी प्रबध आयोजको द्वारा किया गया है। सास्कृतिक कार्यक्रमो की प्रस्तुति भी दी जाएगी। आर्ट आफ लिविंग हरियाणा के दयाकिशन गिल , नरेश जागलान, अनिल जागलान चरण सिह ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेशभर की सामाजिक संस्थाएं, खाप पंचायतें ,अर्जुन अवॉर्डी, द्रोणाचार्य अवॉर्डी, अखाड़ों के संचालक, गुरु खलीफे और शामिल होगे। खेल, खेती और विरासत विषय पर अनूठाआध्यात्मिक संगम होगा। उन्होंने बताया कि आद्यात्मिक संगम का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है। जिसके साथ फसल बचाओ नस्ल बचाओ अभियान की शुरुआत यहा से की जाएगी। उन्होने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था विश्व के 186 देशों में काम कर रही है। जिसके तहत 1200 से ज्यादा स्कूलों को सचालित कर जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा दी जा रही है। प्राकृतिक खेती, गो सेवा, सात्विक भोजन, शांत मन, तंदुरुस्त शरीर, शिक्षा, वातावरण, पर्यावरण बचाव और जैविक खेती से संबंधित काफी कोर्स चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग एक सिद्धांत है जो जीवन को पूर्णता से जीने का एक दर्शन है। इसका केंद्रीय मूल्य स्वयं के भीतर शांति पाना है और हमारे समाज मेंए विभिन्न संस्कृतियों, परम्पराओं, धर्मो और राष्ट्रीयता के लोगों को एक सूत्र में बांधना है। अध्यात्मिक संगम में महिला व पुरुषों वर्ग की कुश्ती मुकाबले भी होंगे। पुरुष वर्ग में श्रीश्री केसरी मुकाबले में 85 किलोग्राम से ज्यादा भार वर्ग के पहलवान, श्रीश्री कुमार टाइलट में 85 किलो ग्राम भार वर्ग तक, श्रीश्री अभिमन्यु टाइटल में 68 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले होगे। इसी प्रकार महिला वर्ग के श्रीश्री केसरी टाइटल व अन्य मुकाबले भी होंगे।

## डीसी को शिकायत देने के बावजूद भी समस्या का नही समाधान

# सेक्टर सात में सीवरेज ओवरफ्लो होने से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। सेक्टर में जमा सीवरेज युक्त पानी। फोटो :हरिभूमि

सेक्टर सात में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या के लोग लंबे समय से परेशान हैं। डीसी को शिकायत देने के बावजूद सेक्टरवासियों की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। इस कारण सेक्टरवासियों में रोष बना हुआ है। एक सप्ताह पहले सेक्टर सात के लोगों ने डीसी कार्यालय में लिखित शिकायत दी थी। इसके बाद एचएसवीपी के संपदा अधिकारी ने जेई को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए थे। जेई ने वहां सीवरेज की पाइप लाइन तो डाल दी लेकिन लीकेज के कारण सीवरेज का गंदा पानी खाली पड़े प्लॉट में जमा हो रहा है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर सात के प्रधान एडवोकेट बिजेंद्र लाठर हरिओम शर्मा ने कहा कि एचएसवीपी की लापरवाही का नतीजा सेक्टर सात में रहने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इससे तंग होकर लोगों ने डीसी कार्यालय में ज्ञापन दिया था। डीसी कार्यालय में दी शिकाययत में लोगों ने कहा था कि यदि प्रशासन यहां से गंदे पानी की निकासी का प्रबंध नहीं कर सकता तो सेक्टर वासियों को मछली पालन और नाव चलाने की अनुमति दी जाए। सेक्टर सात के प्रधान का कहना है कि सेक्टर सात 15 साल पहले आबाद हुआ था। एचएसवीपी के नियमों के अनुसार सेक्टर विकसित करने से पहले ही सडक़ए सीवरेज व पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं सेक्टररवासियों को उपलब्ध करवानी होती हैं लेकिन 15 साल बाद भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। सेक्टर सात में 491 प्लाट हैं। इनमें से करीब 300 प्लॉट में मकान बन चुके हैं। जिस खाली प्लॉट में सीवर का पानी निकाला जा रहा हैए वह मार्केट की साइट है। मार्केट की साइट पर गंदा पानी जमा हो रहा है। इसके आसपास कई मकान हैं।

### करवाया जाएगा समाधान

शहरी विकास प्राधिकरण के जेई अनुज ढांडा ने बताया कि सेक्टर सात में सीवरेज ओवरफ्लो की समस्या के समाधान को लेकर पाइप लाइन डाली गई है। अगर कहीं लीकेज रहती है तो इसका पता किया जाएगा और समस्या को दूर किया जाएगा। सेक्टरवासियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना



बच्चों को सम्मानित करते हुए।

श्री श्याम बाल वाटिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल का वार्षिक उत्सव ष्धरोहरष भव्यता और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेए जबकि डीएसपी अमित भाटिया विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर जीण्डीण अनेजा सहित विशेष अतिथि सोनू मित्तलए अचल मित्तलए दिनेश गोयलए जयपाल मोरए सुनील शास्त्रीए सतीश सेतियाए नीरज.सुनीता भयानए अवधेश शर्माए सुदर्शन सिंगलाए शैलेन्द्र मोहनए नरेश जैन आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यालय के इस भव्य आयोजन की भूरि.भूरि प्रशंसा की। विद्यालय के निदेशक कृष्ण अरोड़ा एवं प्रधानाचार्या ज्योति अरोड़ा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अद्भुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ष्कलयुगष्ए ष्तांडवष्ए ष्चंद्रयानष्ए ष्परीक्षा का दबावष् जैसी प्रस्तुतियों ने समाज को गहरे संदेश दिए और सभी को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। संगीतमयी प्रस्तुतियों में छोटे बच्चों द्वारा विद्यालय की सीख और मूल्यों पर आधारित गीतों से भावविभोर कर दिया।

# 10वीं कक्षा में देखे सपने को श्रेया जैन ने किया पूरा

■ श्रेया जैन ने सीएमए की परीक्षा में पाया टॉप 41वां रैंक

जींद। स्कूल में देखे हुए सपने बहुत ही कम लोगों के साकार हो पाए हैं। सपनों को साकार करना है तो उसके लिए लक्ष्य को निर्धारित करके लगातार मेहनत करनी होती है, तब सफलता मिलती है। श्रेया जैन ने कोस्ट एंड मैनेजमेट अकाउंटेंटिंग (सीएमए) की परीक्षा में टॉप 41वां रैंक हासिल किया। यह सपना कक्षा 10वीं से देखा था और इसे 20 साल की उम्र में पूरा किया। उचाना मंडी निवासी श्रेया जैन ने 10वी अंबाला चमन वाटिका गुरुकुल 2021 में पास की। 12वीं इंडस स्कूल जींद से की। बीकॉम हॉन्स दिल्ली यूनिवर्सिटी से पासआउट की।

### अग्रवाल जन जागरण मंच की हुई बैठक

नरवाना। अग्रवाल जन जागरण मंच नरवाना की मीटिंग प्रधान रोहताश सिंगला की अध्यक्षता में कपास मण्डी में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रधान रोहताश सिंगला ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली महोत्सव पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। 13 मार्च को होलिका पूजन और फाग वाले दिन बांके बिहारी के साथ फूल होली बड़े भव्य तरीके से हुड्डा ग्राउंड में मनाई जाएगी। संस्था के वरिष्ठ सदस्य कैलाश सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि होली का त्योहार रंगों का त्योहार है जिसे सभी एक.दूसरे के साथ मिल.जुलकर मनाते हैं। संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से होली पूजन के लिए होलिका बनाई जाती है जिसमें ध्रुव प्रह्लाद को लटकाया जाता हैए विधि.विधान से पूजा की जाती है तथा सुंदर.सुंदर झांकियां निकाली जाती है। फाग के दिन श्री बांके बिहारी संकीर्तन मण्डल के तत्वाधान में फूल होली सभी शहरवासियों द्वारा बड़े उत्साह से खेली जाती है।

# ...रिमाइंडर पर रिमाइंडर, नहीं हुई सुनवाई

■ स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ 2020 से लगातार नप को लिख रहा पत्र, 34वां रिमाइंडर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



जींद। नागरिक अस्पताल में मौजूद बंदरों का झुंड।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद जींद को पत्र भेज कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात कही जा रही है लेकिन अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। जिस पर संघ द्वारा लगातार उपायुक्त के संज्ञान में भी मामला लाया जा रहा है। अबतक स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ कुल 34 रिमाइंडर भेज चुका है लेकिन समस्या ज्यों की त्यों है।

अस्पताल परिसर में बंदरों की संख्या इतनी है कि इन्हें भगाना भी नामुमकिन है। झुंड के झुंड बंदरों के नागरिक अस्पताल में हर समय बैठे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बंदर काटने से चूकते नही है। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। आए दिन ये बंदर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके हैं और अनेक बार कमरों में घुस कर कंपयूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं। इस समस्या के समाधान हेतू कई बार परिषद के अधिकारियों को गुहार लगाई जा चुकी है परंतु कोई समाधान नही हुआ है।

### वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद को लिख रहे पत्र

स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ प्रधान राममेहर वर्मा ने उपायुक्त को दी शिकायत में बताया कि संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद को पत्र लिखे जा रहे हैं कि अस्पताल में बंदरों का आतंक है और आए दिन बंदर किसी न किसी को काट रहे हैं। इसके अलावा कार्यालयों के अंदर पहुंच कर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन इस समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया है।

## चिराग स्कूल में हुआ कार्यक्रम




नरवाना। चिराग पब्लिक स्कूलए नरवाना में गत दिनों हमारे राष्ट्रीय प्रतीक थीम पर एक प्रेरणादायक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और लेखन कौशल को निखारना था। प्रतियोगिता में प्राथमिकए माध्यमिक और उच्च माध्यमिक तीन वर्ग बनाए गए। छात्रों को भारत के राष्ट्रीय प्रतीक जुड़े विभिन्न विषय दिए गए। प्रतिभागियों ने अपनी सोच और कल्पनाशीलता का उपयोग करते हुए प्रभावशाली लेख प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल ने लेखों का मूल्यांकन सुन्दर लेख भाषा और लेख प्रस्तुति के आधार पर किया गया। विजेताओं को प्रमाण पत्र और हार्ड बोर्डए पुस्तकें और ज्योमेट्री किट भेंट कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहाए लेखन केवल शब्दों का संकलन नहींए बल्कि विचारों की अभिव्यक्ति है।

# हैप्पी हाल में हुआ खुशियों का महाकुंभ सम्मेलन

■ महाशिवरात्रि आध्यात्मिक चेतना को जगाने वाला पर्व : आचार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सफीदों



जींद। कार्यक्रम में मौजूद आचार्य परमानंद महाराज व राजयोगी ब्रह्मकुमार भ्राता भारतभूषण व ब्रह्माकुमारीज बहनें।

नगर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के हैप्पी हाल में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में खुशियों का महाकुंभ आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सफीदों सर्कल इंचार्ज बहन स्नेहलता ने की। कार्यक्रम में आचार्य परमानंद महाराज कटनी (मध्यप्रदेश) व राजयोगी ब्रह्मकुमार भ्राता भारतभूषण का सानिध्य प्राप्त हुआ। होगा। वहीं पिल्लूखेड़ा सर्कल इंचार्ज ब्रह्माकुमारी बहन रजनी विशेष रूप से मौजूद रहीं। आचार्य परमानंद महाराज व ब्रह्मकुमार भ्राता भारतभूषण का बुके देकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बच्चों ने अपनी सुंदर आध्यात्म्मिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। अपने संबोधन में आचार्य परमानंद महाराज व ब्रह्मकुमार भ्राता भारतभूषण ने कहा कि महाशिवरात्रि आध्यात्मिक चेतना को जगाने वाला और शांति का संदेश देने वाला पर्व है। निराकार परमात्मा शिव को याद करने से जीवन को मुक्ति मिलती है। वहीं शिवरात्रि का त्योहार अज्ञान के अंधकार की रात्रि को समाप्त करके ज्ञान का प्रकाश लाता है।

# बिजली की केबल चोरी करने के आरोप में चार दबोचे, जमकर धुनाई

■ युवकों को बस अड्डे पर जमकर धुना, फिर पुलिस को सौंपा

■ सिंथेटिक नशे में थे युवक, नशा कारोबार करने वालों के नाम किए उजागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

गांव लोहचब के ग्रामीणों ने सोमवार को बस अड्डे पर चार युवकों को खेतों से चोरी की गई बिजली केबल के साथ काबू कर जमकर धुनाई की। चारों युवक सिंथेटिक नशे में धुत्त थे। ग्रामीणों ने पकड़े गए चोरों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। गांव लोहचब बस अड्डे पर ग्रामीणों ने सोमवार सुबह चार संदिग्ध युवकों को कट्टे के साथ पकड़ लिया। जब कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें बिजली केबल मिली। जिस पर ग्रामीणों ने युवकों की जमकर धुनाई कर डाली। चारों युवक किसी सिंथेटिक नशे में धुत्त थे। दो युवक खुद को गांव रिटौली के तो दो युवक पिल्लूखेड़ा के बताए जा रहे हैं। जिन्हें ग्रामीणों ने पुलिस के हवाले कर दिया। जिन्हें पुलिस अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई। ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों में टयूबवैलों से कीमती केबल, बिजली मोटर व अन्य सामान चोरी हो रहे हैं। जिसके चलते उनकी रात की नींद भी हराम हो चुकी है।

# एडीसी ने किया कसान व जाखौली के आंगनबाड़ी केंद्रों को दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| राजौंद



राजौंद। एडीसी बाबू लाल करवा आंगनबाड़ी का निरीक्षण करते हुए

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने सोमवार को पोषण अभियान के तहत गांव कसान व जाखौली स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों को दौरा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सबसे पहले बच्चों को दिए जा रहे आहार की गुणवत्ता और प्रारंभिक शिक्षा आदि के बारे जानकारी ली। इसके बाद स्वयं राशन की गुणवत्ता को जांचा। इसके बाद संबंधित आंगनबाड़ी वर्कर को बुलाकर बच्चों की संख्या सहित विभाग द्वारा दी जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल की। उन्होंने निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों को खोले।

## भिवानी, रोहतक व पुराना हांसी रोड कालोनीवासियों को राहत

# अब जींद से हांसी जाने वाली बसें देवीलाल चौक से होकर जाएंगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



शहर में भिवानी रोड, रोहतक रोड और पुराना हांसी रोड की तरफ रहने वाली कॉलोनियों के लोगों के लिए अच्छी खबर है। अब जींद से हांसी जाने वाली बसें देवीलाल चौक से होकर जाएंगी और यहीं से नए बस अड्डे तथा हांसी के लिए बस की सुविधा मिल सकेगी।

डिप्टी स्पीकर डॉण कृष्ण मिड्ढा के आदेश पर रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन ने सुबह और शाम को तीन बसों को देवीलाल चौक से बस ले जाने का रूट तय कर दिया है। आगामी एक या दो दिन में इस रूट से बस चलने की उम्मीद है। तय किए गए रूट के अनुसार प्रतिदिन सुबह आठ बजे हांसी से जींद आने वाली रोडवेज बस टेंडरी मोड से देवीलाल चौक होकर नए बस अड्डे पर पहुंचेगी। शाम को चार और पांच बजे जींद से हांसी की तरफ जाने वाली रोडवेज बस भी देवीलाल चौक से होकर जाएंगी। जींद से हांसी और बरवाला रूट पर रोडवेज की 20 से ज्यादा बसें चलती हैं। ये बसें नए बस अड्डे से पुराना बस अड्डा, एसडी स्कूल और पटियाला चौक होते हुए हांसी की तरफ जाती हैं और वापसी में भी इसी रास्ते से आती हैं।

### मंगलवार से बस चलेंगी

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि जींद-हांसी रूट पर चलने वाली दो-तीन बसों को देवीलाल चौक, पुराना हांसी रोड व टेंडरी मोड़ से होते हुए चलने के निर्देश दिए गए हैं। सोमवार से बस चलाने को कहा गया था। अगर सोमवार से इस रूट से बस नहीं गई है तो मंगलवार से सुनिश्चित किया जाएगा कि दो-तीन बस देवीलाल चौक, पुराना हांसी रोड होते हुए हांसी रूट पर संचालन करें। इससे देर शाम आने-जाने वाले यात्रियों को लाभ होगा।